# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/339
दिनांक : 21/3/25

## संशोधित विज्ञप्ति

**विषय : छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या–गोप0/प्रयो0/328, दिनांक 19.03.2025 के द्वारा परम्परागत पाठ्यक्रमों **(बी0एड0/एम0एड0/बी0पीएड0/एम0पी0एड0/मेडिकल एवं पैरामेडिकल को छोड़कर)** के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया गया था कि जिन छात्र/छात्राओं की वार्षिक, सेमेस्टर, एन0ई0पी0 प्रणाली के अन्तर्गत लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है तथा परीक्षाफल भी घोषित हो चुका है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणवश्र छूट गयी है एवं उनकी उपाधि पूर्ण नहीं हो पायी है। ऐसे छात्र/छात्राओं ने अपनी छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु ऑन लाईन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क दिनांक 24.02.2025 तक ऑनलाईन जमा कर अपना आवेदन गोपनीय विभाग की खिड़की न0–40 पर जमा कर दिया है उनकी छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।

उक्त जारी विज्ञप्ति में कृषि संकाय की छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारण करने से छूट गया था। इसके अतिरिक्त बी0ए0/एम0ए0 (संगीत) के परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन किया गया है। अतः उक्त जारी विज्ञप्ति में आंशिक संशोधित करते हुए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची निम्नवत् है :–

| क्र सं | परीक्षा केन्द्र का नाम | कॉलेज कोड | वार्षिक, सेमेस्टर एवं एन0ई0पी0 प्रणाली के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों के विषयों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | M.M.H. COLLEGE, GHAZIABAD (mmhcollegeghaziabad.com) | 019 | बी0एससी0–शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं कीड़ा, बी0ए0–मुख्य विशय शारीरिक शिक्षा (785, 885, 985), बी0ए0/एम0ए0–दर्षनशास्त्र। बी0ए0–लाइब्रेरी साइंस, लाइब्रेरी एण्ड इन्फोरमेशन सांइस। |
| 2 | D.N.(P.G.) COLLEGE, MEERUT (www.dncollege.org) | 052 | एम0ए0, एम0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0 –भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, बी0ए0 कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स, खेलकूद एवं शारीरिक षिक्षा। बी0ए0, बी0एससी0,बी0कॉम0–कोड–001, 002, 003। एम0कॉम0, बी0कॉम0 |
| 3 | MEERUT COLLEGE, MEERUT (www.meerutcollege.org) | 055 | उर्दू, रक्षाअध्ययन,। |
| 4 | N.A.S.COLLEGE, MEERUT (www.nascollege.org) | 056 | बी0ए0/एम0ए0–शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिन्दी, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, इतिहास, लॉ–बी0ए0एल0एलबी0, बी0कॉम0एल0एलबी0, एल0एल0बी0, एल0एल0एम0, |
| 5 | R.G. (P.G.) COLLEGE, MEERUT (www.rgcollege.org) | 058 | बी0ए0/बी0एससी0/एम0ए0– गृहविज्ञान, चित्रकला। मनोविज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, बी0एससी0/एम0एससी0–फूड सांइस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल। |
| 6 | GOVT.PG.COLLEGE , NOIDA (www.gpgcnoida.in) | 087 | बी0एससी0–माइकोबायोलॉजी। |
| 7 | SHAHID MANGAL PANDEY GOVERNMENT MAHILA MAHAVIDYALAYA, MEERUT https://wwwsmpggpgc.com/ | 091 | एम0ए0–शारीरिक शिक्षा। |
| 8 | BHAGWATI COLLEGE OF EDUCATION SIVAYA, ROORKEE ROAD,MEERUT (www.bhagwaticollege.com) | 722 | बी0ए0बी0एड0/बी0एल0एड0। |
| 9. | J.V. COLLEGE BARAUT (BAGHPAT) (www.jvc.ac.in) | 004 | बी0एससी0ए0जी0, एम0एससी0ए0जी0। |
| 10. | I.N. (P.G.) COLLEGE, MEERUT (inmpgcollege.org.in) | 053 | बी0ए0,एम0ए0–संगीत। |

क्रमशः......02

2. निर्धारित परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षा की तिथि निर्धारित किये जाने के उपरान्त छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा तथा प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के समय छात्र/छात्राओं को परीक्षक के समक्ष प्रवेश पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3. प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित होने वाले छात्राओं के अंक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किये जायेगें। अंक अपलोड करते समय पूर्ण सावधानी बरती जाय जिससे किसी भी प्रकार की विसंगति उत्पन्न न हो। ऑफ लाईन अंक किसी भी दशा में मान्य नहीं होगें।

4. परीक्षा केन्द्रों द्वारा प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा की तिथि निर्धारित किये जाने के उपरान्त उसकी एक प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

5. उक्त निर्धारित परीक्षा केन्द्रों द्वारा छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न करायी जा सके। अतः सम्बन्धित प्राचार्य अपने स्तर से अर्ह परीक्षकों से परीक्षा सम्पन्न करा लें और तत्पश्चात् उसका अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर लें।

6. ऐसे छात्र/छात्राओं जिनके द्वारा छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन कर विश्वविद्यालय में अपना आवेदन जमा किया गया है और प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु नियमानुसार अर्ह है, को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित विषय की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्ष केन्द्र पर सम्पर्क कर अथवा परीक्षा केन्द्र की वेबसाईट पर निर्धारित तिथि से अवगत होकर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित होना सुनिश्चित करें।

21.03.2025

परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि** :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक के परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
3. उक्त निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित विषयों की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर सूचना अपने कालेज की वैबसाइट पर तिथि अपलोड करने का कष्ट करें, जिसकी प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हुऐ तिथि की सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का कष्ट करें साथ ही सम्बन्धित छात्रों के अंक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अंक अपलोड कर गोपनीय विभाग में मूल रूप में ऑलाईन पोर्टल प्रति (कुलसचिव प्रति, टेबुलेटर प्रति) जमा कराया जाना शुनिश्चित करें ऑफ लाईन अंक किसी भी दशा में मान्य नहीं होगें।
4. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी वैबसाइट विश्वविद्यालय को, वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
6. मैसर्स सार इन्फोसिस प्रा0लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

21.3.2025

उप कुलसचिव (गोपनीय)